# राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

**जवाहर लाल नेहरू मार्ग**

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अनुसार स्नातक द्वितीय सेमेस्टर (नियमित) परीक्षा मई–2024 के परीक्षा आवेदन पत्र भरवाने सम्बन्धी दिशा–निर्देश (संशोधित)

1. राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के तहत स्नातक द्वितीय सेमेस्टर (नियमित) परीक्षा मई–2024 के परीक्षा आवेदन पत्र वेबसाईट www.univraj.org पर Panel for NEP 2023-24 के माध्यम से भरे जावेगें। विद्यार्थी उक्त वेबसाईट पर अपनी यूजर आई.डी. पासवर्ड/प्रथम सेमेस्टर के अनुक्रमांक/सी.एस.वी. रजिस्ट्रेशन के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।
2. प्रथम सेमेस्टर में नामांकित परीक्षार्थियों से वर्तमान परीक्षा आवेदन पत्र के साथ किसी प्रकार का दस्तावेज नहीं लिया जावेगा। प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम जारी होने का इन्तजार किये बिना ही विद्यार्थी द्वितीय सेमेस्टर हेतु परीक्षा आवेदन पत्र भरें।
3. महाविद्यालय द्वारा प्रथम सेमेस्टर परीक्षा हेतु पूर्व में अपलोड़ की गयी सी.एस.वी. फाईल में से परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित रहे विद्यार्थी द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा फॉर्म भर सकते है। ऐसे विद्यार्थियों को परीक्षा आवेदन पत्र समस्त दस्तावेजों सहित विश्वविद्यालय को अग्रेषित किया जावेगा।
4. जिन विद्यार्थियों को अभी तक ए.बी.सी. आई.डी. नम्बर प्राप्त नहीं हुआ है वे भविष्य में होने वाली असुविधाओं से बचने के लिए शीघ्र ए.बी.सी. आई.डी. नम्बर प्राप्त करें।
5. विद्यार्थी के द्वारा Value Added Course/Skill Enhancement Course का चयन वेबसाईट पर उपलब्ध प्रश्न पत्रों में से एक–एक प्रश्न पत्र का चयन करना होगा जो कि प्रथम सेमेस्टर में लिये गये प्रश्न पत्र से भिन्न होना चाहिए। **किन्तु जिन छात्रों ने प्रथम सेमेस्टर में Value Added Course में NCC-I/NSS-I/Anandam की परीक्षा दी है, वे विद्यार्थी द्वितीय सेमेस्टर में NCC-II/NSS-II/Anandam-II प्रश्न पत्र का चयन कर सकते है।**
6. विद्यार्थी के परीक्षा आवेदन पत्र को महाविद्यालय द्वारा पोर्टल पर विद्यार्थी की 75 प्रतिशत उपस्थिति व सतत् मूल्यांकन (मिडटर्म) में 40 प्रतिशत प्राप्तांक होने पर ही सत्यापित किया जावेगा। इसकी अनुपालना नहीं होने पर महाविद्यालय के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही/आर्थिक दंड अधिरोपित किया जा सकेगा।
7. महाविद्यालय द्वारा पोर्टल पर सत्यापित किये गये आवेदन पत्रों की हार्ड कॉपी सुरक्षित रखी जावेगी, जिसे विश्वविद्यालय द्वारा आवश्यकता होने पर उपलब्ध करवाना अनिवार्य होगा।
8. द्वितीय सेमेस्टर के प्रवेश पत्र केवल उन्हीं विद्यार्थियों को जारी किये जावेगें जिनके परीक्षा फॉर्म पोर्टल पर सत्यापित होगें। द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाऐं मई माह में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।
9. अधिसूचना संख्या Exam. IV-A/V-A, B/2023/1227 dated 24.11.2023 के अनुसार सेमेस्टर परीक्षा हेतु परीक्षा शुल्क निम्नानुसार है:–

**Examination Fees Schedule**

| S.No. | Class | Fees prescribed |
|---|---|---|
| 1 | Regular Students | Rs. 1450/- each semester |

**Note:-** In addition to above fee schedule following fees shall also be charged:-

1- Practical Fee @ Rs. 170/- per paper for Regular and Non-Collegiate category students.

2- Enrollment Fee Rs. 340/- from Rajasthan Board Students and Rs. 680/- from other than Rajasthan Board Students.

10. परीक्षा आवेदन शुल्क जमा कराने सम्बन्धी समस्या के लिए हेल्पलाईन नम्बर **7726953531** अथवा टोल फ्री नम्बर **18001806433** एवं आई.सी.आई.सी. बैंक का हेल्प लाईन नम्बर **9372505528** पर सम्पर्क कर सकते हैं।

Jaipur
Dated: 02.05.2024

01.05.24

**परीक्षा नियंत्रक**

# कार्यालय प्राचार्य, श्री राधा गोविन्द राजकीय महाविद्यालय

कंवर नगर, ब्रह्मपुरी, जयपुर (राजस्थान)
G-mail:-govtcollegebhrampuri@gmail.com

क्रमांकः– 5029

दिनांकः–

## आवश्यक सूचना

महाविद्यालय में अध्ययनरत बी.ए./बी.एससी. (स्नातक) द्वितीय सेमेस्टर के समस्त नियमित विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा मई– 2024 के परीक्षा आवेदन पत्र वेबसाइट www.univraj.org पर panel for NEP 2023-24 के माध्यम से भरे जायेंगे।

महाविद्यालय के जो विद्यार्थी प्रथम सेमेस्टर परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित रह गये थे, वे विद्यार्थी भी द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा फॉर्म भर सकते है। उक्त विद्यार्थियों को परीक्षा आवेदन पत्र समस्त दस्तावेजों सहित महाविद्यालय में जमा करवाना होगा। ऐसे इच्छुक परीक्षार्थी अपना परीक्षा फॉर्म भरने से पूर्व महाविद्यालय में संबंधित कक्षा के प्रवेश प्रभारी (बी.ए.– प्रो. नीलम शर्मा) एवं (बी.एससी.– प्रो. स्नेह शर्मा) से संपर्क करें।

परीक्षा आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 08.05.2024 है।

02/05/2024

प्राचार्य
श्री राधा गोविन्द
राजकीय महाविद्यालय, जयपुर
कंवर नगर, ब्रह्मपुरी, जयपुर

# कार्यालय प्राचार्य, श्री राधा गोविन्द राजकीय महाविद्यालय

कंवर नगर, ब्रह्मपुरी, जयपुर (राजस्थान)

G-mail:-govtcollegebhrampuri@gmail.com

क्रमांकः– 5025

दिनांकः– 01/05/2024

## आवश्यक सूचना

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के तहत स्नातक द्वितीय सेमेस्टर (नियमित) परीक्षा मई, 2024 हेतु महाविद्यालय में अध्ययनरत बी.ए./बी.एस.सी. भाग–प्रथम द्वितीय सेमेस्टर के समस्त नियमित विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि राजस्थान विश्वविद्यालय के परीक्षा फॉर्म ऑनलाइन माध्यम से भरने की **तिथि निम्नानुसार है–**

| क.सं. | कक्षा | फॉर्म भरने एवं फॉर्म जमा कराने की अवधि |
|---|---|---|
| 1. | बी.ए./बी.एस.सी. भाग प्रथम द्वितीय सेमेस्टर (नियमित) विद्यार्थी | दिनांक 01.05.2024 से दिनांक 08.05.2024 तक |

विद्यार्थी निम्नलिखित निर्देशों की पालना सुनिश्चित करें–

1. उक्त परीक्षा हेतु समस्त नियमित विद्यार्थियों की 75 प्रतिशत उपस्थिति एवं मिड–टर्म परीक्षा में न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है। अतः मिड टर्म परीक्षा में उपस्थिति एवं प्रत्येक विषय का असाइनमेंट जमा करवाना अनिवार्य है।
2. प्रत्येक परीक्षार्थी इस बात का विशेष ध्यान रखे कि
   - Skill Enhancement Course में **प्रभावी हिन्दी लेखन** का ही चयन करें।
   - Value Added Course में – आनन्दम – II
3. परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन पत्र भरने हेतु ABC ID साथ लेकर जावें। विद्यार्थी परीक्षा आवेदन पत्र में निर्धरित स्थान पर स्वयं का मोबाईल नम्बर, ई–मेल आई.डी., आधार कार्ड नम्बर व ABC ID दर्ज करें।
4. इस बार परीक्षा फॉर्म भरने के लिए किसी भी प्रकार के रजिस्ट्रेशन नम्बर की आवश्यकता नहीं है। परीक्षा फॉर्म स्वयं की ABC ID से भरे जा रहे हैं।
5. ई–मित्र से परीक्षा फॉर्म की हार्डकॉपी (office copy) की एक प्रति तथा उस पर दिये गये निर्धारित कॉलम (Student signature) पर हस्ताक्षर करें।
6. महाविद्यालय में परीक्षा आवेदन पत्र जमा करवाने का समय दोपहर 11:00 से **02:00** बजे तक है।
7. ई–मित्र पर ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने के दो दिन के भीतर ही महाविद्यालय में उसकी हार्डकॉपी जमा करवाना अनिवार्य है। अन्यथा विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा।
8. ई–मित्र पर विषय संबंधी कोई भी परेशानी आने पर फॉर्म भरने से पहले महाविद्यालय में अपनी कक्षा के प्रवेश प्रभारी (बी.ए. प्रवेश प्रभारी–प्रो. नीलम शर्मा) एवं (बी.एस.सी. प्रवेश प्रभारी– प्रो. स्नेह शर्मा) से संपर्क करें।
9. महाविद्यालय का **कोड– 1231** है।
10. स्नातक प्रथम वर्ष सेमेस्टर द्वितीय के नियमित विद्यार्थियों की परीक्षा मई माह के तृतीय सप्ताह में होना प्रस्तावित है।
11. अंतिम तिथि– 08.05.2024 (सर्वर डाउन की समस्या से बचने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि का इंतजार न करें।
12. फॉर्म भरने में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर महाविद्यालय कार्यालय में संपर्क करें।

01/5/2024

प्राचार्य
श्री राधा गोविन्द
राजकीय महाविद्यालय
कंवर नगर, ब्रह्मपुरी, जयपुर